PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Friday 6th November 2015, Page: 10
Width: 5.69 cms, Height: 12.49 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-06.48.72

उद्योग-शिक्षण संस्थानों में सहयोग के लिए सीआइआइ की सदस्य कंपनियों ने किए समझौते

नई दिल्ली, 5 नवंबर (भाषा)। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की मौजूदगी में उद्योग मंडल सीआइआइ की 25 सदस्य कंपनियों ने शीर्ष केंद्रीय संस्थानों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। देश में अनुसंधान व पाठ्यक्रम विकास में उद्योग और शैक्षिणिक समुदाय के बीच गठजोड़ के तहत ये समझौते किए गए।

राष्ट्रपति भवन में 'विजिटर्स एनुअल कांफ्रेन्स' में कल 45 समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। सममेलन की अध्यक्षता राष्ट्रपति ने की। सीआइआइ ने एक बयान में कहा- एमओयू (सहमति पत्र) के जरिए देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां शैक्षिणिक संस्थानों के साथ जुड़ी है। इसके तहत स्मार्ट सिटी, अक्षय ऊर्जा, हरित सड़क, बिजली सामधान जैसे विषयों पर अनुसंधान और पाठ्यक्रम विकास किया जाएगा।

इन समझौतों में हैदराबाद की इलिको लि. का स्मार्ट शहर पर एनआइटी वारंगल के साथ एमओयू, कैडिला फार्मास्युटिकल्स का नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआइपीईआर), अमदाबाद, माइक्रो इंटरकनेक्शन प्राइवेट लि. का एनआइटी गोवा के साथ एमओयू भी शामिल है।

CII Member Companies Ink Pacts for Industry-Academia Cooperation

Recd